मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -23 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 26 फरवरी से ०३ मार्च 2024 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## राज्यसभा सदस्य बनने पर मिलिंद देवरा को बधाईयां

**मुंबई:** महाराष्ट्र राज्य से मिलिंद देवरा को राज्यसभा के लिए निर्विरोध रूप से निर्वाचित होने पर दक्षिण मुंबई स्थित खेतान भवन उनके जनसम्पर्क कार्यालय में बधाइयों का तांता लगा है।खबर लिखे जाने तक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर दिन बड़ी संख्या में उनके समर्थक उन्हें शाल,गुलदस्ता और उनके पसंद की मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं।उनके कार्यालय में रखे रंग बिरंगे फूलों वाले गुलदस्ता को देखकर उनकी राजनीतिक दबदबा का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी कड़ी में गोल्ड स्मित समन्वय समिति मुंबई अध्यक्ष राजाराम देशमुख ने पिताम्बर शाल और पुष्पहार देकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी।



**फोटो:कपिलदेव खरवार**

## कमल नाथ की विश्वसनीयता प्रभावित, दिग्विजय सिंह ने संभाला राज्य में राहुल की यात्रा का जिम्मा

**मुंबई / नेहासिंह**

पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के दलबदल की अटकलों पर भले ही विराम लग गया हो पर कांग्रेस संगठन के भीतर उनकी विश्वसनीयता अवश्य प्रभावित हुई है। यह पूरा घटनाक्रम तब हुआ जब कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश में आने वाली है। कमल नाथ समर्थकों की बेरुखी का असर यात्रा पर न पड़े, इसके लिए दिग्विजय सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है।पार्टी हाईकमान ने अब राहुल की यात्रा की मध्य प्रदेश की बागडोर दिग्विजय सिंह को सौंप दी है। वह राजगढ़ व गुना के बाद तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को ग्वालियर और मुरैना पहुंचे। बता दें, यात्रा राजस्थान के धौलपुर से मध्य प्रदेश में दो मार्च को प्रवेश करेगी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद कमल नाथ प्रदेश की राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं। मई, 2018 से बीते साल दिसंबर तक वह पार्टी अध्यक्ष रहे। सभी बड़े कार्यक्रमों में कमल नाथ और दिग्विजय सिंह की भागीदारी दिखती थी लेकिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहला अवसर है जब दिग्विजय



सिंह सारी जिम्मेदारी उठाए हैं और कमल नाथ परिदृश्य से बाहर हैं। यात्रा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने जो समितियां बनाई हैं, प्रत्यक्ष तौर पर उनकी बैठकों में भी कमल नाथ कभी शामिल नहीं हुए।

कुछ दिनों से उनके दलबदल की अटकलें भी तेज हुईं, जिससे न्याय यात्रा की तैयारियां पीछे छूट गईं और सभी नेता संभावनाओं को टटोलने, विधायक और पदाधिकारियों से संपर्क साधने में जुट गए। कमल नाथ ने आगे बढ़कर अटकलों को थामने के लिए स्वयं कोई पहल भी नहीं की।. इससे निश्चित तौर पर उनकी विश्वसनीयता भी प्रभावित हुई। हालांकि मंगलवार को यात्रा की तैयारी को लेकर हुई बैठक में कमल नाथभी वर्चुअली शामिल हुए और कहा कि मैं यात्रा में शामिल रहूंगा। यात्रा को सफल बनाने के लिए दिग्विजय सिंह लगातार कार्यकताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उनके ही समर्थक माने जाते हैं और उनके अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी संगठन का यह पहला बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है इसलिए भी उनकी सक्रियता अधिक है। जीतू पटवारी यात्रा मार्ग में आने वाले जिलों के कार्यकताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। यात्रा दिग्विजय सिंह के प्रभाव वाले और गृह क्षेत्र राघौगढ़ से गुजरेगी।राघौगढ़ से उनके पुत्र जयवर्धन सिंह विधायक हैं। यहां राहुल गांधी का रोड शो भी रखा गया है।

लोकसभा चुनाव पर नजरदिग्विजय सिंह की नजर लोकसभा चुनाव पर भी है। राजगढ़ से प्रियव्रत सिंह को चुनाव लड़ाया जा सकता है। उनका विधानसभा क्षेत्र खिलचीपुर इसमें आता है। हालांकि, वह विधानसभा चुनाव हार गए थे।उनका नाम दावेदारों की सूची में है। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में ही राघौगढ़ भी आता है। गुना लोकसभा क्षेत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रभाव क्षेत्र है, इसलिए इस क्षेत्र में भी दिग्विजय सिंह विशेष रुचि दिखा रहे है।

## सत्यनारायण शर्मा के नए घर के गृह प्रवेश कार्यक्रम में पहुंचे समाज के दिग्गज गण

**नालासोपारा,** शिवकुमार शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा बिलालपाड़ा नालासोपारा में नए घर के गृह प्रवेश कार्यक्रम में पहुंचे अनिल शर्मा युवा नेता, कलेक्टर शर्मा उद्योगपति, रवि शर्मा, हरिशंकर शर्मा उप संपादक,शुशील शर्मा पालघर जिला अध्यक्ष, राहुल शर्मा नालासोपारा अध्यक्ष, जयनाथ शर्मा जोगेश्वरी अध्यक्ष, जयपाल शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक नालासोपारा, गोपाल शर्मा, मंजेश शर्मा, शुभम शर्मा नालासोपारा,प्रदीप शर्मा कांदीवली, व संगीत ,लोकगीत कलाकार राकेश शर्मा, रामचंदर शर्मा, ने अपने गीत के माध्यम से लोगो का मन बहलाया, अतिथियों का स्वागत अवधेश शर्मा ने किया।



## 13 मार्च के बाद कभी भी लोकसभा चुनाव के तारीखों का हो सकता है ऐलान

**मुंबई/रिपोर्ट स्पर्श देसाई:** लोकसभा चुनाव को अब महज कुछ ही महीने बचे हैं। चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद कभी भी लोकसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान कर सकता है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि आम चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारी विभिन्न राज्यों का अभी दौरा कर रहे हैं और जब ये पूरा हो जाएगा, तब लोकसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा।लोकसभा चुनाव में राज्य चुनाव आयोग की क्या तैयारियां हैं, इसके लिए चुनाव आयोग के अधिकारी तमिलनाडु का दौरा कर रहा है। जबकि पिछले दिनों बिहार में भी आयोग के अधिकारियों ने जा या जा लिया था। अब आने वाले समय में उत्तर प्रदेश, जम्मू- कश्मीर जैसे राज्यों का चुनाव अधिकारी दौरा करेंगे। ये दौरे 13 मार्च से पहले खत्म हो जाएंगे। ऐसे में चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद कभी भी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है।




## महाराष्ट्र में गुडीपाडवा का महत्व अनन्य हैं और इसी त्यौहार को लेकर कदमकदम पर साप्ताहिक विशेषांक निकालने जा रहा है, उसमें आप अपनी एडवरटाइज जरुर करें

**मुंबई:** महाराष्ट्र में गुडीपडवा एक महत्वपूर्ण उत्सव है जो हिंदू कैलेंडर के चैत्र मास की प्रथम तिथि को मनाया जाता है। यह सबसे बड़ा मराठी उत्सव है जो नववर्ष के रूप में मान्यता प्राप्त करता है।




यह मराठी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। गुड़ी का अर्थ है ध्वज यानी झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से पूर्व स्नान आदि के बाद विजय के प्रतीक के रूप में घर में सुंदर गुड़ी लगाती हैं और उसका पूजन करती हैं। गुडीपाडवा का त्योहार मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है, जिन्होंने रंग-बिरंगे कपड़ों की झालरें तैयार करनी होती हैं जिन पर सोने की बाली,नारियल और गुड़ी लगाई जाती है। इस उत्सव के दौरान भव्य पूजा-अर्चना की जाती है और लोग एक-दूसरे को बधाई देते हैं। गुडीपडवा का महत्व पौराणिक मान्यताओं और सोलह शुभ मुहूर्त के बारे जाने। गुडी पाडवा,जिसे हिंदी कैलेंडर के अनुसार नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहारों में से एक है। इसका महत्व पौराणिक कथाओं से जुड़ा हुआ है। जो इसे और भी आकर्षक बनाते हैं। सनातन धर्म के अनुसार इस दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की थी। जिससे यह दिन नए आरंभों और सफलता का प्रतीक होता है। इसी दिन नया घर और नये वाहन खरीदना शुभ माना जाता हैं अतः आप इसका फायदा उठाएं और अपने कारोबार को आगे बढ़ाएं । इसी त्यौहार को मदेनजर त्कदम कदम परह्व साप्ताहिक विशेषांक निकालने जा रहा है, उसमें आप अपनी एडवरटाइज जरुर करें । संपर्क करें कार्यालय का या फिर संपादक छोटेलाल को मोबाइल कर अपनी एड. अभी से बुक कराएं। आपके सहकार की अपेक्षा हैं।

**छोटेलाल शर्मा - 9819862172**
**अनिल शर्मा-9833329721**
**नेहा सिंह - 9324798242**
**स्पर्श देसाई - 9321429375**

## 33 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र उन्नाव की जनता का व्यू: हम इस निर्वाचन क्षेत्र से नवीन शर्मा को संसद सदस्य के रूप में देखना चाहते हैं

**उन्नाव:** उन्नाव निवासियों की ओर से साझा संदेश को प्रकाशित करने का आग्रह करते हुए लिखा है कि आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से हार्दिक निवेदन के साथ यह संदेश पहुंचने के लिए कदम कदम पर का साथ लेते हुए कहा है कि हमारे सम्मानित साथी नागरिक, गंगा सेवक और प्रसिद्ध फिल्म स्टार, आदरणीय श्री नवीन शर्मा जी ने जिला उन्नाव और उसके आस-पास के क्षेत्रों के लोगों से बहुत सम्मान और प्रशंसा प्राप्त की है। अपनी कला और समुदाय दोनों के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय है, और हमारा मानना है कि उनमें लोकसभा में हमारे निर्वाचन क्षेत्र का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक गुण हैं।

श्री नवीन शर्मा जी की उन्नाव के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता उनके विभिन्न परोपकारी प्रयासों और स्थानीय कारणों के प्रति उनके अटूट समर्थन से स्पष्ट है। वह हमारे समुदाय की भावना का प्रतीक हैं और उन मुद्दों की गहरी समझ रखते हैं जो हमें सबसे अधिक चिंतित करते हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि उनके नेतृत्व से न केवल उन्नाव को लाभ होगा, बल्कि समग्र रूप से हमारे राष्ट्र के विकास और प्रगति में भी सकारात्मक योगदान मिलेगा। इसके अलावा, हमें विश्वास है कि नवीन शर्मा के उम्मीदवार होने से हम कम से कम लाखों वोटों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हासिल कर सकते हैं। उन्नाव के लोग उनके समर्थन में एकजुट हैं और हम उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास करने के लिए तैयार हैं।




इसके अलावा, मोदी सेना में एक सैनिक के रूप में सेवा करने के लिए उन्नाव से एक प्रतिनिधि को भेजना हमारे समुदाय के लिए बेहद गर्व का स्रोत होगा। हम यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में अपने देश की उन्नति के लिए अपनी प्रतिभा और संसाधनों का योगदान करने के लिए उत्सुक हैं।

हम भाजपा नेतृत्व से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि आगामी चुनावों में आदरणीय श्री नवीन शर्मा जी को उन्नाव निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार के रूप में विचार किया जाए उनकी उम्मीदवारी न केवल हमारे समुदाय के लिए आशा की किरण का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि हमारे महान राष्ट्र के समावेशी और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का एक प्रमाण भी है। हम 33 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र उन्नाव निवासी आपकी अनुकूल प्रतिक्रिया का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

**प्रस्तुति; प्रधान संपादक**
**छोटेलाल शर्मा**



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# ईडी के समन

दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने पेश क्यों नहीं होते? क्या आम आदमी इन एजेंसियों के समन को लगातार खारिज कर सकता है? क्या इनके समन को स्वीकार न करना 'असंवैधानिक' नहीं है? अदालत का इस व्यवस्था पर एक स्पष्ट आदेश जरूर आना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। केजरीवाल भी संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बना कर ईडी और अदालत की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं।एक राजनेता औसतन हर दिन किसी न किसी काम में व्यस्त रहता है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधानिक दायित्व को 'तारपीडो' करता रहेगा? केजरीवाल की कथित शराब घोटाले में उपस्थिति और उनसे पूछताछ इसलिए अहम है, क्योंकि उनके उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते एक साल से जेल में हैं, उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत ने भी उन्हें जमानत नहीं दी है। बल्कि इस मामले में मनी ट्रेल की आशंका जताई है। घोटाला करोड़ों रुपए का है, लेकिन 'आप' के प्रवक्ता दलीलें देते रहे हैं कि सिसोदिया और संजय से एक चवन्नी भी बरामद नहीं हुई, लेकिन जेल का उत्पीडन दिया जा रहा है। यह कुतर्क है। किसी भी ऐसे घोटाले में नकद बरामद नहीं हुआ करते, बल्कि लेन-देन बेनकाब होता है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीती अक्तूबर से जेल की सलाखों के पीछे हैं और अदालत ने उन्हें भी जमानत नहीं दी है। मनी लॉन्ड्रिंग का कानून ही इतना पेचीदा और सख्त है कि उसमें जमानत मिलना एक कठिन प्रक्रिया है।

# 3700 करोड़ की ड्रग्स जब्त करने वाली टीम को 25 लाख का इनाम...

## उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया ऐलान



**मुंबईः** पुणे पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में अलग-अलग शहरों से 3700 करोड़ की एमडी ड्रग्स जब्त की। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को इस केस की डिटेक्शन टीम को 25 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुणे में एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह पुणे पुलिस को हृदय से बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बहुत बढ़िया कदम उठाया है। हाल के दिनों में यह देश की किसी भी पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई है। फडणवीस के अनुसार, हम पिछले कुछ महीनों से नशा मुक्त महाराष्ट्र अभियान चला रहे हैं। नशे को लेकर हमारी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है, क्योंकि हमारा मानना है कि नशा समाज को तोड़ने का काम कर रहा है। जो काम बंदूकें और मिसाइलें नहीं कर सकतीं वो काम ड्रग्स कर रही है। उन्होंने कहा कि जो ड्रग्स पुणे पुलिस ने पकड़ी है, यदि वह लोगों तक पहुंच जाती, तो पता नहीं कितने घर बर्बाद हो जाते। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के धंधे में पैसों का लेन-देन भी बड़े पैमाने पर हो रहा है।

### पुलिस 3700 करोड़ की ड्रग्स पकड़ चुकी

शनिवार तक पुलिस 3700 करोड़ की ड्रग्स पकड़ चुकी है। 9 आरोपियों को अरेस्ट कर चुकी है, लेकिन इस ड्रग्स केस का मुख्य सरगना संदीप धुने अभी भी कानून की गिरफ्त से बाहर है। उसी ने रेडी-टू-ईट फूड पैकेट के जरिए लंदन में ड्रग्स भिजवाने का ऑर्डर दिया था। संदीप बिहार का मूल निवासी है, उसके पास ब्रिटिश पासपोर्ट है। लेकिन वह लंदन में है या किसी और देश में, इसकी अलग-अलग एजेंसियां जांच कर रही है। उसके कुवैत या नेपाल में भी हो सकने की संभावना जताई जा रही है।

### कहां है मुख्य सरगना?

पुणे पुलिस ने कुछ दिनों पहले पुणे में एक कार को इंटरसेप्ट किया था और उसमें बैठे आरोपियों के पास से कुछ किलो ड्रग्स जब्त की थी। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस को पुणे के पास कई किलोमीटर दूर कुरकुंभ में एक फैक्ट्री का पता चला था। बाद में और पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने काफी ड्रग्स दिल्ली भी भेजी है। पहले तीन दिन में पुलिस को कुल 3276 करोड़ कीमत की ड्रग्स मिली थी। बाद में महाराष्ट्र के कुछ और शहरों में भी ड्रग्स जब्त की गई।

## आदिवासी बस्ती की रोक दिया पानी की सप्लाई...



**भिवंडी :** हर घर जल योजना जल जीवन मिशन का एक भाग है, जिसे भारत में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है। इसका लक्ष्य देश के हर घर को पाइप जल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत घरों तक पाइप जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के अलावा ग्रामीण स्कूलों, आंगनवाड़ी और सामुदायिक भवनों में पाइप जल कनेक्शन की स्थापना की जा रही है किन्तु भिवंडी तालुका के एक आदिवासी बस्ती में पानी का बिल वसूल करने वाली अनाधिकृत ग्राम सभा पानी सप्लाई समिति ने पिछले तीन महिने से पानी की सप्लाई बंद कर दिया है। जिससे नाराज आदिवासी समाज के लोगों ने भिवंडी पंचायत समिति के गट विकास अधिकारी डॉ. प्रदीप घोरपडे के कार्यालय का घेराव किया।

# मनपा के आदर्श प्रधानाध्यापक राममिलन शर्मा का सम्मान समारोह संपन्न

**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग द्वारा संचालित वेरावली मनपा हिंदी स्कूल क्रमांक 01,अंधेरी पूर्व के प्रधानाध्यापक राममिलन शर्मा की सेवा संपूर्ति के उपलक्ष में सरस्वती बाग मनपा स्कूल जोगेश्वरी पूर्व के सभागृह में सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता और पत्रकार विनोद कुमार पाठक ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासकीय अधिकारी तौहीद शेख, सम्मानित अतिथि के रूप में विभाग निरीक्षक फहमीदा बानो शेख, विभाग निरीक्षक रामराज पाल, हरिशंकर विश्वकर्मा, श्री तुलसी मानस माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक श्री केशवप्रसाद यादव,नीलम अग्रवाल, रमाशंकर सिंह,वरिष्ठ कवि सुरेश मिश्रा, उद्योगपति कलेक्टर शर्मा, पत्रकार अनिल कुमार शर्मा, समाजसेवी मुकेश शर्मा, रामकृपाल शर्मा,मुख्याध्यापिका दीप्ति काजले,विद्या गांगुर्डे, भारती श्रीवास्तव, रामकृपाल शर्मा, दिनेश शर्मा, विनय शर्मा दीप ,शिक्षक रामचन्द्र यादव,अनिलकुमार पाण्डेय, अनिल यादव आशीष मेश्राम,सुरेश कुमार यादव, ज्ञानप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक सुरेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, बृजेश यादव, जनार्दन शर्मा,तेजूसिंह राठौड़,हेमलता वर्मा,ज्ञानेश्वर कव्हर,शालिग्राम पाटिल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार शिवपूजन पांडे ने किया मानपत्र वाचन शशिकुमार सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन चंद्रभान सिंह ने किया। अनिल शर्मा ने अपने वक्तव्य में राममिलन शर्मा जी को जिंदगी के द्वुतीय अध्याय के शुरूवात के लिए दी शुभकामनाएं।



राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा
शंकर शर्मा (शिवा)
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. ९४५२७९१५७०
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# संत शिरोमणि रविदास जी के जयंती पर प्रतिमा पर पुष्प हार चढ़ाकर की दर्शन

**जौनपुर,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था के प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा और संस्था मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता नंदवंशी अजय शर्मा संत शिरोमणि रविदास जी के जयंती पर बाबतपुर वाराणसी में स्थित आश्रम में पहुंचकर श्रद्धेय संत परंपरा के महान योगी, समाज के मार्गदर्शक संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर स्मरण किया।



ह्लकर्म करना हमारा धर्म है, फल पाना हमारा सौभाग्य है ह्व

ह्लमन चंगा तो कठौती में गंगाह्व।

नंदवंशी अजय शर्मा रा. मीडिया प्रभारी प्रवक्ता भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.



24-02-24 को AIMCEA उत्तर प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष ओबरा पवार हाउस से सेवानिवृत हुए माननीय गुरु चरण शर्मा नंद जी के निवास मिजार्पुर पहुंच कर उनके तेरहवीं कार्यकर्म में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अ क्टउएअ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय रघुनाथ प्रसाद शर्मा नंद, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धनश्याम शर्मा जी,विंध्याचल मण्डल अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा नंद, विजय बहादुर शर्मा नंद, सोनभद्र से पधारे ओम प्रकाश शर्मा, लल्लू प्रसाद शर्मा जी के साथ साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तथा गत से उन्हें चिर शान्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना किए.

## उत्तर प्रदेश बीएसपी का युवा कद्दावर चेहरा गौरव नंद अपने समर्थकों के साथ बीजेपी को ज्वाइन किया







**लखनऊः** विगत दिनों उत्तर प्रदेश बीएसपी के युवा कद्दावर नेता गौरव नंद ने अपने समर्थकों के साथ उत्तर प्रदेश बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर बीजेपी को ज्वाइन किया। बीजेपी की वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें भगवा स्कार्फ पहनाकर बुके देकर उसका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया।

कदम कदम पर अपनी बात रखते हुए गौरव नंद ने हमें बताया कि, हमारे महान राष्ट्र के नागरिकों की ओर से, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। भाजपा के साथ जुड़ने का मेरा निर्णय न केवल लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि हमारी पार्टी भाजपा हमारे देश और समग्र शून्य समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर भी है।

भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, दृष्टिकोण और लोगों के कल्याण के प्रति समर्पण हमेशा सराहनीय रहा है, और हमें विश्वास है कि भाजपा में शामिल होकर उत्तर प्रदेश और पूरे देश के हित के लिए काम करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा।

श्री नंद ने आगे हमें बताया कि भाजपा के साथ हाथ मिलाने का मेरा प्रयोजन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का निर्णय, अखंडता, प्रगति और समावेशिता के हमारे साझा मूल्यों में राष्ट्र हित नितियों में विश्वास की पुष्टि है। हमें यकीन है कि हमारी विशेषज्ञता और अनुभव हमारी पार्टी को प्रदेश और देश में समृद्ध करेगी और एक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में हमारे सामूहिक प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

उत्तर प्रदेश भाजपा परिवार ने दिल खोलकर मेरा स्वागत और अभिनन्दन किया है। उसके लिए मैं उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। हम अपने प्यारे राष्ट्र के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। श्री नंद अपने प्रशंसकों को संदेश देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के मेरे निर्णय पर आपने मुझे जो हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दीं, उसके लिए मैं आप सभी का आभार प्रकट करते हुए कह रहा हूं कि आपके प्रोत्साहन के शब्द मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं, और मेरे जीवन के इस महत्वपूर्ण क्षण के दौरान आपने जो समर्थन दिखाया है, उससे मैं वास्तव में काफी प्रभावित हुआ हूं। मैं बड़े उत्साह और समर्पण के साथ इस नई यात्रा पर निकल रहा हूं, और आपका प्रोत्साहन मेरी क्षमताओं के अनुसार हमारे समुदाय और राष्ट्र की सेवा करने के मेरे संकल्प को आगे मजबूत करेगा।


**प्रस्तुति; सूर्य प्रताप ठाकुर, लखनऊ ब्यूरो प्रमुख**

## डॉक्टर उज्वल येओले सर्वश्रेष्ठ न्यूरोसर्जन आप अपने क्षेत्र के एक अनमोल रतन

**मुंबईः** मेरे ब्रेन ट्यूमर सर्जरी और उपचार के साथ मेरी हालिया यात्रा के दौरान डॉ. उज्जवल येओले सर आपके द्वारा प्रदान की गई असाधारण देखभाल और विशेषज्ञता के लिए मैं आप के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। आपके कुशल हाथों और आपके विनम्र व्यवहार ने उस समय मेरा मार्गदर्शन किया जो निस्संदेह मेरे जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में से एक था। हमारे शुरूआती परामर्श से लेकर ऑपरेशन के बाद के फॉलो-अप तक, आपने अपने संपूर्ण स्पष्टीकरण और अटूट समर्थन से मुझमें आत्मविश्वास पैदा किया।

डॉ उज्वल सर, मैं सर्जरी के सफल परिणाम के लिए आप के प्रति अत्यधिक कृतज्ञता और सराहना से भरा हुआ हूं। आपकी सटीकता और समर्पण ने निस्संदेह न केवल ट्यूमर को हटाने में बल्कि पूरी प्रक्रिया के दौरान मेरी समग्र भलाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आपकी चिकित्सा विशेषज्ञता के अलावा, यह आपकी दयालुता और सहानुभूति थी जो वास्तव में मेरे लिए मायने रखती थी। आपके आश्वस्त करने वाले शब्दों और वास्तविक चिंता ने मुझे न केवल एक मरीज के रूप में, बल्कि एक कठिन यात्रा का सामना करने वाले व्यक्ति के रूप में




महसूस किया और मेरी देखभाल की।

आपका धन्यवाद, मैं अब ठीक होने की राह पर हूं और भविष्य के लिए, नई उम्मीद जगा रहा हूं। मेरे जीवन पर आपका प्रभाव ऑपरेटिंग रूम से कहीं आगे तक फैला हुआ है, क्योंकि आपकी व्यावसायिकता और करुणा ने मुझे हर दिन कृतज्ञता और सरलता के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है।

डॉ. उज्वल सर कृपया जान लें कि आप अपने क्षेत्र के लिए एक सच्ची संपत्ति हैं, और मैं आपकी देखभाल के तहत अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली महसूस करता हूं। मेरे स्वास्थ्य और जीवन शक्ति को बहाल करने में आपने जो भूमिका निभाई उसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।

पुनश्च हार्दिक आभार और हार्दिक शुभकामनाओं के साथ!

**प्रिय पाठकों यह जानकारी आपके लिए;** डॉ. उज्वल येओले राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एनआईएमएचएएनएस) में (एमसीएच) और (डीएनबी) न्यूरोसर्जरी के साथ न्यूरोसर्जन हैं। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से



न्यूरो ऑन्को-सर्जरी में फेलोशिप और एनआईएमएचएएनएस और यूपीएमसी, यूएसए से जीकेआरएस प्रशिक्षण, न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक दशक दीर्घकालिक अनुभव। पीडी हिंदुजा अस्पताल में सलाहकार के रूप में काम किया। कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में अध्ययन, लेख, वीडियो प्रकाशित। पिछले एक दशक वर्षों विभिन्न जटिलताओं की 1000 से अधिक न्यूरोसर्जिकल प्रक्रियाएं व्यक्तिगत रूप से सफल परिणाम दिए। मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के ट्यूमर, एन्यूरिज्म, एवीएम, एंडोस्कोपी, बाल चिकित्सा ट्यूमर, जन्मजात मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के दोष, हाइड्रोसिफलस, परिधीय तंत्रिका चोटों और ट्यूमर में विशेषज्ञता। ऐसी जटिल शारीरिक समस्याओं के निदान के लिए डॉक्टर उज्वल येओले सर से संपर्क साध सकते हैं।

**प्रस्तुतिः पेशेन्ट शर्मा**

## 'हम कहां मौका छोड़ने वाले थे' - फडणवीस

**मुंबई :** आइडिया ऑफ इंडिया समिट 2024 में हिस्सा लेते हुए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे के साथ सियासी रिश्ते और गठबंधन की राजनीति का जिक्र किया. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे से हमारे रिश्ते पहले से अच्छे थे. मेरे साथ मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर भी उन्होंने काम किया था. महाराष्ट्र के मेजर प्रोजेक्ट पर हमारे साथ उन्होंने काम किया.

देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा कि एकनाथ शिंदे कट्टर शिवसैनिक रहे हैं. वो हिंदुत्वादी और बालासाहब को मानने वाले लोगों में से शामिल हैं. उन्होंने राज्य की पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि उद्धव ठाकरे जब बीजेपी को छोड़कर कांग्रेस और एनसीपी के साथ जा रहे थे, तब भी एकनाथ शिंदे इसके खिलाफ



थे. उस समय मध्यस्थता करने वाले में शिंदे थे, उनकी कोशिश थी कि उद्धव ठाकरे और बीजेपी के बीच बातचीत हो. उस समय उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, इसलिए ये बात मानी नहीं.

आइडिया ऑफ इंडिया समिट के दौरान महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ये भी कहा कि जिस दिन कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना की सरकार बनी थी, उसी दिन से एकनाथ शिंदे को लगता था कि ये ठीक नहीं है. शिवसेना में एक बड़े वर्ग को लगता था कि जिसका हमने हमेशा विरोध किया, उसके साथ हम सरकार में हैं. विचारधारा के खिलाफ था.

देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि उनसे हमारी बातचीत तो थी ही. धीरे-धीरे उद्धव ठाकरे के बर्ताव से उनलोगों को लगा कि हम तो अपना अस्तित्व ही खो देंगे. उसके बाद उनलोगों ने तय किया और तय करने के बाद हमसे बातचीत शुरू की, तो हम मौका छोड़ने वाले थे नहीं. मैंडेट तो था, हमारे साथ ही ये लोग चुनकर आए थे, हमने गठबंधन कर लिया और सरकार बना ली. उन्होंने ये भी कहा कि 2019 में जनता के मैंडेट को ठुकराया नहीं जाता तो ऐसी परिस्थितियां नहीं बनती. उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ हमारा गठबंधन इमोशनल है जबकि अजीत पवार के साथ हमारा गठबंधन स्ट्रैटेजिक है.

## चुनाव पूर्व 13 आईएएस के तबादले का दौर शुरू


**मुंबई :** चुनाव से पहले सरकार ने आईएएस अफसरों के तबादलों का दौर शुरू कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 13 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए। इस अनुसार बेस्ट के महाप्रबंधक रहे विजय सिंघल को सिडको का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। सहकारिता एवं विपणन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार को राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर स्थानांतरित किया गया है। मुख्य




सचिव डॉ. नितिन करीर के पास वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार था। सरकार ने वित्त विभाग में पूर्णकालिक अतिरिक्त सचिव के रूप में ओपी गुप्ता को नियुक्त किया है। संजय सेठी को मंत्रालय में परिवहन और बंदरगाह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है, परिवहन और बंदरगाह विभाग के प्रमुख सचिव पराग जैन नैनुटिया को सामान्य प्रशासन विभाग में सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

## अप्रैल में हो सकती है महा टीईटी परीक्षा

**मुंबई :** देशभर में शिक्षकों की पाक्षता जांचने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाता है. यह परीक्षा सेंट्रल और स्टेट लेवल पर आयोजित की जाती है. सीटीईटी यानी केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सेंट्रल लेवल पर जबकि टीईटी परीक्षा राज्य स्तर पर होती है. सभी राज्य अपने-अपने स्तर पर टीईटी परीक्षा का आयोजन करते हैं. महा टीईटी 2024 परीक्षा महाराष्ट्र में आयोजित की जाती है. इस परीक्षा का आयोजन महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद द्वारा किया जाता है. खबर है कि इस साल महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (Maha TET 2024) जो फरवरी में होनी हैं, उसमें देरी हो




सकती है. बताया जा रहा है कि तकनीकी कारणों से महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 में देरी हो सकती है. परिषद के एक वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग फरवरी में आवेदन फॉर्म स्वीकार करके परीक्षा आयोजित करने की योजना बना रहा है. चूंकि हम तीन माध्यमों में परीक्षा आयोजित करने में तकनीकी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, इसलिए परीक्षा स्थगित करनी पड़ी है.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एमएससीई ने राज्य सरकार को मराठी, अंग्रेजी और उर्दू भाषा में परीक्षा आयोजित करने में अपनी कठिनाइयों के बारे में लिखा है. इस मुद्दे को दूर करने के बाद ही महाराष्ट्र टीईटी परीक्षा अप्रैल में आयोजित की जा सकती है. महाराष्ट्र सरकार, महा टीईटी परीक्षा को साल में दो बार आयोजित कर सकती है.

हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत कई नियमों में बदलाव किए गए हैं. एनईपी के तहत अब 12वीं कक्षा के बच्चों को भी पढ़ाने के लिए टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा. अभी तक आठवीं कक्षा तक शिक्षक बनने के लिए ही टीईटी जरूरी था.

# अर्जुन शर्मा को मिला सम्मान पत्र



मनालासोपारा में नंदवंशी अर्जुन शर्मा को नई उम्मीद फाउंडेशन के तरफ से मिला सम्मान पत्र नई उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री चंद्रभूषण शर्मा जी और रवि शंकर शर्मा जी द्वारा नेमचंद्र शर्मा. धीरज शर्मा. राम चरण शर्मा. डॉ विवेक शर्मा जी को सम्मान पत्र देकर स्वागत किया गया, जिसमें उपस्थित रहे समाजसेवक नीलेश शर्मा सोनू शर्मा मुकेश शर्मा शैलेश शर्मा

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के द्वारा लगाया गया संगोष्ठी



ग्राम सभा सिंहपुर ब्लॉक औराई में जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा के नेतृत्व में जिला संगठन मंत्री राजेश शर्मा के संयोजन में श्री राम कैलाश शर्मा के निजी आवास पर संस्था के राष्ट्रीय पदाधिकारी गोष्ठी में पहुंचकर संगोष्ठी में पहुंचकर आगामी चुनाव में अपने स्वजाती भाइयों को संगठित रहने का अपील किया गया वहां पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष दिनेश शर्मा कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा महासचिव मनोज शर्मा अवधेश शर्मा, विंध्य मुंडन संस्कार ट्रस्ट के अध्यक्ष बैजनाथ शर्मा के साथ राजन शर्मा, प्रदीप शर्मा, डॉक्टर नंदलाल, राजकुमार एवं भदोही जिले के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे

अंत में शिवकैलाश शर्मा जी ने आए हुए सभी पदाधिकारी एवं सजातीय भाइयों का आभार प्रकट किए

**नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा**
**संस्था प्रभारी/मुख्य सचिव**

# शख्स ने डॉक्टर के गले पर हथियार से किए 18 वार



**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर की हत्या की कोशिश हुई है। आरोपी शख्स ने डॉक्टर की गर्दन पर धारदार हथियार से 18 बार हमला किया। ये पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना नासिक की है। CCTV में देखा जा सकता है कि एक शख्स द्वारा धारदार कोयते से हॉस्पिटल के एक डॉक्टर के गर्दन पर 18 बार हमला किया जाता है। ये हमला हत्या करने के लिए किया गया था। डॉक्टर गंभीर रूप से घायल है। घटना नासिक पंचवटी के सुयोग नाम के निजी अस्पताल में शुक्रवार रात 9 बजे की है।

हादसे में गंभीर रूप से घायल शख्स का नाम डॉक्टर कैलास राठी है। जबकि आरोपी राजेन्द्र मोरे की तलाश पुलिस CCTV के आधार पर कर रही है। पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर कैलास राठी और आरोपी राजेन्द्र मोरे के बीच जमीन के सौदे के कुछ बकाया पैसों को लेकर पिछले दो सालों से विवाद चल रहा था।

# जिला भदोही के प्रभारी नियुक्त किए गए लक्षनधारी शर्मा सहयोगी साथ में पन्नालाल शर्मा

**भदोही,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के कोर कमेटी के निर्देश पर आदरणीय श्री लक्षणधारी शर्मा(पूर्व प्रधान) जी को जिला इकाई भदोही को जिला प्रभारी एवं आदरणीय श्री पन्नालाल शर्मा (चौधरी) को सहप्रभारी नियुक्त किए गए इन दो चेहरे के नेतृत्व में तेजधार वाली संघठन का विस्तार होगा नियुक्ति पर संस्था अध्यक्ष, दिनेश जी, मनोज, अवधेश, अशोक, जिला



अध्यक्ष कैलाश नाथ, संगठन मंत्री राजेश शर्मा, मोहित, ने बधाई दिए

**नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा**
**संस्था प्रभारी मुख्य सचिव**

# रक्तदान करके लोगों का जीवन बचाने का कार्य कर रही है संस्था

**भदोही,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के द्वारा रक्तदान करके लोगों का जीवन बचाने का संस्था निरंतर कार्य कर रही है जरूरतमंद लोगों मे द्वारा सुनीता शर्मा आजमगढ़, अनारा देवी बदलापुर, लाल बहादुर शर्मा सुर्तसापुर, रामसुचित यादव भदोही को संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देश पर एक एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी/ मुख्य सचिव



# 42 सीटें जीतेगी महा विकास आघाडी - नाना पटोले



**मुंबई :** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित यह बैठक ढाई घंटे तक चली। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने दावा किया कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) लोकसभा की 48 में से 42 सीटें जीतेगी। चुनाव समिति की बैठक में चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। चुनाव समिति ने चुनाव प्रचार के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर भी विमर्श किया। इसके साथ ही एमवीए में शामिल मित्र पक्षों के साथ सीटों के बंटवारे के समीकरण पर भी चर्चा हुई। बैठक में महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्नीथला, केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष मधूसुदन मिस्त्री, कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, विधानसभा में नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार, वरिष्ठ नेता माणिकराव ठाकरे, मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड, प्रदेश कार्याध्यक्ष नसीम खान, पूर्व सांसद संजय निरुपम समेत कई विधायक, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नाना पटोले ने दावा किया कि एमवीए में सीटों के बंटवारे की चर्चा अंतिम चरण में है। शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार), समाजवादी पार्टी, शेकाप, माकपा, वंचित बहुजन आघाडी के साथ एकजुट होकर चुनाव लड़ने की तैयारी है। इसलिए आने वाले चुनावों में बीजेपी की एमवीए से सीधी टक्कर होगी।

# डिप्टी सीएम अजित पवार की अध्यक्षता में बैठक में पहुंचीं सुप्रिया सुले...






**मुंबई :** एनसीपी-शरदचंद्र पवार की सांसद सुप्रिया सुले पश्चिमी महाराष्ट्र में पानी के मुद्दे पर राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार की अध्यक्षता में बैठक में पहुंचीं. सुप्रिया सुले ने कहा, ''अजित पवार महाराष्ट्र के डीसीएम और पुणे जिले के संरक्षक मंत्री हैं... मेरे निर्वाचन क्षेत्र (बारामती) में उजानी बांध और नाजारे बांध में पानी खत्म हो गया है. पीने और सिंचाई के पानी को लेकर गंभीर चिंताएं हैं. इसलिए मैं आई हूं.''

सुप्रिया सुले ने आगे कहा, बैठक में यह अनुरोध करने के लिए कि सरकार इस पर विचार करे. मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में पानी के मुद्दों के बारे में अजित पवार को अवगत कराने के लिए उनसे मिलने आई थी.''

# आदिवासी बस्ती की रोक दिया पानी की सप्लाई...



**भिवंडी :** हर घर जल योजना जल जीवन मिशन का एक भाग है, जिसे भारत में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है। इसका लक्ष्य देश के हर घर को पाइप जल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत घरों तक पाइप जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के अलावा ग्रामीण स्कूलों, आंगनवाड़ी और सामुदायिक भवनों में पाइप जल कनेक्शन की स्थापना की जा रही है किन्तु भिवंडी तालुका के एक आदिवासी बस्ती में पानी का बिल वसूल करने वाली अनाधिकृत ग्राम सभा पानी सप्लाई समिति ने पिछले तीन महिने से पानी की सप्लाई बंद कर दिया है। जिससे नाराज आदिवासी समाज के लोगों ने भिवंडी पंचायत समिति के गट विकास अधिकारी डॉ. प्रदीप घोरपडे के कार्यालय का घेराव किया।

# राजेश शर्मा भदोही ने ब्लड देकर की सामाजिक सेवा



**भदोही,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति माननीय संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में विनोद कुमार सरोज निवासी कल्याणपुर मिजार्पुर जनपद के मूल निवासी हैं भदोही संस्था ने आज दिनांक 26 फरवरी 2024 को दो यूनिट ब्लड माननीय भदोही जिले के जिला अध्यक्ष भाई कैलाश नाथ शर्मा जिला महासचिव भाई रामनारायण शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाई डॉक्टर शैलेश शर्मा अभोली तहसील अध्यक्ष भाई मोहित शर्मा वरिष्ठ तहसील अध्यक्ष भाई रविंद्र शर्मा तहसील संगठन मंत्री भाई धीरज शर्मा मीडिया प्रभारी भाई गौरव शर्मा जिला संगठन मंत्री भदोही प्रभारी प्रयागराज राजेश शर्मा के नेतृत्व में दो यूनिट ब्लड संस्था के माध्यम से दिया गया भाई विनोद शर्मा सरोज द्वारा संस्था का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया और भाई विनोद ने कहा आज संस्थान जो मेरा ब्लड देकर सम्मान बढ़ाया है इस सम्मान के लिए समय आने पर मैं अपने परिवार के भाई बहन संस्था का आभार प्रकट करते हुए एक-एक बूंद संस्था के लिए ब्लड देता रहूंगा धन्यवाद संस्था संगठन मंत्री भदोही राजेश शर्मा प्रभारी प्रयागराज.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com